हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 11 फरवरी 2025

12 जी लिट्रा के वार्षिकोत्सव में बही सांस्कृतिक…



12 नन्हें-मुन्हे विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां …



# नारकीय जीवन जीने पर मजबूर आधा दर्जन कॉलोनियों के लोग

## सीवरों के मेनहोल उगल रहे घरों से निकलने वाला गंदा पानी, राहगीर परेशान





■ हनुमान ढाणी, पिपली वाली जोहड़ी के अलावा अनेक कॉलोनियों की सीवर व्यवस्था ठप्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



वैसे तो शहर में अनेक जगहों पर सीवर जाम की समस्या बनी हुई है,लेकिन सबसे बुरी स्थिति शहर ही हनुमान ढाणी सहित आधा दर्जन कॉलोनियों की बनी है। यहां पर पानी की निकासी नहीं हो पा रही,बल्कि सीवरों के मेनहोल लगातार गंदा पानी उगल रहे है।

सुबह व शाम के वक्त तो मेनहोल से निकलने वाला गंदा पानी सड़क व गलियों में फैल रहा है। हालात ये बने है कि इन दोनों वक्तों में लोगों को गंदे पानी से ही होकर गुजरना पड़ रहा है। सीवरों से निकले गंदे पानी में जबरदस्त सड़ांध आती है। जिसकी वजह से उक्त इलाके के लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। यहां तक कि यहां से गुजरने वाले लोग मुंह पर कपड़ा ढाप कर निकल रहे है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि कई बार जिला प्रशासन से शिकायत की गई,लेकिन उनकी इस समस्या का समाधान नहीं किया गया है। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार हनुमान ढाणी, पिपली वाली जोहड़ी के अलावा अनेक कॉलोनियों की सीवर व्यवस्था ठप्प पड़ी है। इन इलाकों का पानी की निकासी तो होना दूर की बात है। यहां पर सीवरों के माध्यम से पहुचा शहर का गंदा पानी को मेनहोल उगल रहे है। यह समस्या सुबह व शाम के वक्त सबसे ज्यादा बनती है। सुबह के वक्त तो सीवरों के मेनहोल से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों व गलियों में फैल जाता है। कई बार तो सड़क पर आधा फुट तक पानी जमा हो जाता है। यही स्थिति शाम के वक्त बनती है। शाम को भी गंदा पानी सड़कों पर जमा होने से लोगों को इसी पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। हालांकि कुछेक मेनहोल से पानी वापस सीवरों में चला जाता है,लेकिन कुछ सीवरों के मेनहोल तो उपर तक पानी व गंदगी से भरे रहते है। उनमें पानी वापस नहीं जा पा रहा है। उक्त इलाकों में यह समस्या करीब दो से ढाई घंटों तक बनी रहती है। दोपहर बाद ही इलाके की सड़कें चलने के लायक बनती है। यही स्थिति शाम के वक्त बन जाती है। शाम को भी सड़कों पर सीवर का पानी जमा हो जाता है।

### कई बार की जा चुकी है शिकायत

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इस बारे में कई बार पब्लिक हेल्थ व जिला प्रशासन से शिकायत की,लेकिन उनकी समस्या का आज तक समाधान नहीं हो पाया है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि जिला प्रशासन के उपेक्षित रवैये की वजह से लोगों को नारकीय जीवन जीना पड़ रहा है। क्षेत्रवासी राहुल, पंकज, अमित आदि ने बताया कि पानी की सही ढंग से निकासी न होने की वजह से उनको गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### डीएलएसए का जागरूकता शिविर 20 को

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से समाज कल्याण एवं कल्याण विभाग की योजनाओं को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति आकर जानकारी प्राप्त कर सकता है। साथ ही योजनाओं के लाभ के लिए पात्र नागरिक शिविर में आवेदन भी कर सकते हैं।

### तीन युवकों पर हमले का आरोप, केस दर्ज

**लोहारू।** ढिगावा शामिलयान निवासी युवक ने तीन युवकों पर हमला करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में ढिगावा शामियान निवासी प्रेम ने बताया कि वह अपने चाचा के लडक़े संदीप के साथ बाइक पर गांव से अपने खेत में बने मकान पर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में तीन युवकों ने उनकी बाइक को रुकवा लिया और लाठी डंडों से हमला कर दिया। बाद में से धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

### नए सिटी मजिस्ट्रेट अनिल कुमार ने संभाला पदभार

**भिवानी।** जिला के नए सीटीएम अनिल कुमार ने पदभार संभाल लिया है। अनिल कुमार वर्ष 2023 के एचसीएस अधिकारी हैं। बहरोड (अलवर) के रहने वाले अनिल कुमार ने आईआईटी धनबाद से बीटेक मैकेनिकल की उपाधि प्राप्त की है। हिपा में एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत भिवानी में सीटीएम के पद पर उनकी यह पहली पोस्टिंग है। सीटीएम अनिल कुमार ने कहा कि उपायुक्त महावीर कौशिक के मार्गदर्शन में सरकार की अपेक्षाओं के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर कार्य करेंगे।

### नामांकन पत्र लेने की तैयारियां पूर्ण:एसडीएम

**भिवानी।** एसडीएम एवं नगर पालिका बवानी खेड़ा के रिटर्निंग अधिकारी महेश कुमार ने कहा कि नामांकन पत्र लेने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि नगर पालिका बवानीखेड़ा चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन पत्र प्रक्रिया शुरू होगी। जबकि 17 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

# बेटे ने मां को मारी गोली, पत्नी और बच्चों ने कमरे में छुपकर बचाई जान

■ मां ने शराब पीने पर टोका तो कलयुगी बेटे ने की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

बीती देर शाम गांव लोहरवाड़ा में रिटायर्ड फौजी ने पारिवारिक झगड़े में अपनी मां को गोली मार दी। गोली लगने से घायल महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सोमवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि लोहरवाड़ा निवासी सुनील ने फौज से स्वैच्छिक रिटायरमेंट ली थी। उसके पास लाइसेंसी रिवाल्वर थी। ग्रामीणों ने बताया कि सुनील शराब पीने का आदी था। रविवार शाम को भी सुनील ने शराब पी। जब पत्नी ने उसको शराब पीने से रोका तो दोनों में कहासुनी हो गई। सुनील ने अपनी लाइसेंसी बंदूक निकाल ली और फायरिंग कर दी।

एक गोली उसकी मां चंदों देवी के सीने में लगी। गोली लगते ही चंद्रो देवी खून से लथपथ होकर जमीन पर जा गिरी। गोली लगने के बाद आरोपी बेटा सुनील मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने घायल चंद्रो देवी को सामान्य अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने वारदात स्थल से चार खोल व छह कारतूस बरामद किए हैं।

### गेट खोलने का प्रयास

जिस वक्त सुनील ने बंदूक निकाली तब उसकी पत्नी सुमन अपने बच्चों के साथ एक कमरे में छुप गई। कमरे को अदंर से बंद कर लिया। सुनील ने कमरे का गेट खोलने का भी प्रयास किया, लेकिन चंद्रो बाथरूम से बाहर निकली तो एक गोली उसके सीने में लग गई।

**आरोपी के खिलाफ केस दर्ज** सदर थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि आरोपी सुनील ने चार गोली चलाई हैं। एक गोली चंद्रो को लगी है। वारदात स्थल से चार खोल व छह कारतूस बरामद किए गए हैं। मृतका की पुत्रवधू एवं आरोपी सुनील की पत्नी की शिकायत पर हत्या व आर्म्स एक्ट आदि धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### व्यक्ति से 02 किलो 20 ग्राम चरस की बरामद

**तोशाम।** पुलिस की एंटी व्हीकल थैफ्ट स्टाफ ईशरवाल की टीम ने तोशाम से एक व्यक्ति को मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एंटी व्हीकल थैफ्ट स्टाफ ईशरवाल के इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक रमेश कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी तोशाम मौजूद थे जो पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल पर गांव दैनोदा से तोशाम में मादक पदार्थ लेकर आ रहा है पुलिस टीम के द्वारा सूचना की महत्वता को देखते हुए बताए गए स्थान पर नाकाबंदी करके बाइक चालक को मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान नसीब उर्फ जोगा पुत्र धूलिया वासी दैनोदा खुर्द, तहसील नरवाना, जिला जींद के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से कुल 02 किलो 20 ग्राम चरस को बरामद किया है। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर हासिल किया गया है आरोपी ने मादक पदार्थ 30,000 रुपये गांव दैनोदा निवासी व्यक्ति से खरीद कर लाया था।

# परीक्षा पे चर्चा: बच्चों ने सुना प्रधानमंत्री का भाषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा



बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने प्रेरणास्त्रोत भाषण सुना। प्राचार्या संतोष भाकर ने बताया कि सन् 2018 से हर साल आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत करते हैं। वो बोर्ड और प्रवेश परीक्षाओं को तनावमुक्त और सहज तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सुझाव देते हैं। इस कार्यक्रम के लिए प्रतिभागियों का चयन एक प्रतियोगिता के माध्यम से किया जाता है। प्रतियोगिता के विजेताओं को कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलता है और उनमें से कुछ को प्रधानमंत्री से सीधे बातचीत करने का भी मौका मिलता है। प्राचार्या ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा का पहला संस्करण 16 फरवरी 2018 को आयोजित किया गया था। दूसरा संस्करण 29 जनवरी 2019 को नई दिल्ली में हुआ था। तीसरा संस्करण 2020 में आयोजित किया गया था और चौथा संस्करण 7 अप्रैल 2021 को एक ऑनलाइन बैठक के माध्यम से आयोजित किया गया था। नवीनतम (7वां) संस्करण 29 जनवरी 2024 को आयोजित किया गया था जिसके दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा रील देखने में समय बर्बाद न करें, पर्याप्त नींद लें। क्योंकि नींद भी जरूरी है।

# ईंट भट्ठों पर रहने वाले बच्चों को भी शिक्षा पर पूरा हक : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



केवल मूलभूत ढांचा विकसित होने से भारत विकसित नहीं हो सकता इसके लिए हमें हर बच्चे को शिक्षा देना आवश्यक है। चाहे वो संभ्रांत परिवार से हो या ईंट भट्ठों पर रहने वाले बच्चे। ये बात उपायुक्त मुनीश शर्मा ने जिला स्तरीय सीपीसी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसे बच्चों को चिन्हित करें जो स्कूली शिक्षा से वंचित है। अधिकारी उनके माता पिता से मिले और निजी तौर पर ऐसे बच्चों से मिलकर उन्हें ऐसे लोगों की कहानियां सुनाएं जो धरातल से उठकर संघर्ष और कड़ी मेहनत के साथ आज बड़े मुकाम पे हैं। मुनीश शर्मा ने कहा कि ऐसे लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है, जिन्हें बच्चे की आवश्यकता है ताकि वो खुले मन से उन बच्चों को गोद लें सके। उन्होंने निर्देश दिए कि अगर कोई बच्चा गोद लेता है तो विभाग के अधिकारी समय समय पर उनके घर जा कर बच्चे और गोद लेने वाले माता पिता की काउंसलिंग अवश्य करें।

# जिला आपदा प्रबंधन योजना को अपडेट करें

■ डीसी बोले- प्रबंधन के लिए समन्वय और निगरानी तंत्र बनाना जरूरी

■ भूकंप पर आधारित मॉक ड्रिल का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक ने जिला आपदा प्रबंधन योजना को अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में जिला आपदा प्रबंधन कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

महावीर कौशिक ने कहा कि आपदा प्रबंधन योजना को हर साल समीक्षा करनी चाहिए और उसे अपडेट भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजना में आपदाओं को रोकने और कम करने के लिए सभी बिंदुओं को शामिल किया जाए। उन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए ज़रूरी प्रणालियां, संरचनाएं, कार्यक्रम, संसाधन, क्षमताएं, और ज़रूरी सूचना तंत्र स्थापित करने बारे दिशा निर्देश जारी किए।

महावीर कौशिक ने कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए समन्वय और निगरानी तंत्र बनाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए ज़रूरी मानक-प्रचालन प्रक्रिया तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए ज़रूरी जागरूकता भी फैलानी होगी। उन्होंने आपदा प्रबंधन के लिए ज़रूरी प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए और कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए मौजूदा तैयारियों का जायजा लिया जाता है।

उपायुक्त महावीर कौशिक ने बैठक में इन्वेंटरी को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन कमेटी के प्रोजेक्ट ऑफिसर प्रवीण कुमार ने बताया कि 20 मार्च को हरियाणा के सभी जिलों में भूकंप पर आधारित मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रत्येक जिला में पांच लोकेशन चुनी जाएगी। बैठक में एसडीएम महेश कुमार, नगराधीश अनिल कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# किरावड़ में मेडिकल कैंप का आयोजन



**भिवानी।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किरावड़ में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया तथा साथ ही पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता भी कराई गई । प्रिंसिपल राकेश चराया जी तथा डॉक्टर सुनील सांगवान द्वारा बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित अनेकों जानकारियां दी राकेश चराया प्रिंसिपल ने बच्चों को स्वच्छ रहने के टिप्स भी दिए तथा बच्चों को पढ़ाई के प्रति भी जागरूक किया खेलों के महत्व के बारे में भी बताया डॉ सुनील द्वारा बच्चों का मेडिकल चेकअप भी किया गया और दवाइयां वितरित की गई तथा अनेकों स्वास्थ्य से संबंधित बातों से अवगत कराया। बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया तथा अनेकों सुंदर-सुंदर पोस्ट बनाए तथा निबंध के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया इस अवसर पर आठवीं क्लास की चेतना पोस्टर मेकिंग में प्रथम तथा तमन्ना सेकंड और मंजू थर्ड पोजिशन पर रही प्राचार्य द्वारा सभी बच्चों को मेडल पहनकर तथा सम्मानित किया गया तथा हिस्ट्री प्रवक्ता राणा राम राणा , जियोग्राफी प्रवक्ता ओमपाल यादव , इंग्लिश प्रवक्ता नीरज भारद्वाज , डीपीई पवन्ुमार,संदीप,जगमिंदर , सत्यवीर चहल, नेहा शर्मा पवन कुमार तथा डॉक्टर की टीम उपस्थित रही।

# विपिन कुमार को दी भावभीनी विदाई, नए नगराधीश अनिल कुमार का किया स्वागत

■ लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

निवर्तमान नगराधीश विपिन कुमार की विदाई तथा नए नगराधीश अनिल कुमार के स्वागत में जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए तबादला आदेश में नगराधीश विपिन कुमार का तबादला रोहतक के रोडवेज महा प्रबंधक के पद पर किया गया है। जबकि गुरुग्राम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एचसीएस अधिकारी अनिल को भिवानी का नगराधीश लगाया गया है।उपायुक्त महावीर कौशिक ने निवर्तमान नगराधीश विपिन कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भिवानी में नगराधीश के पद पर रहते हुए उन्होंने बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने नई जिम्मेदारी के लिए विपिन कुमार को शुभकामनाएं दी। नए नगराधीश अनिल कुमार का स्वागत करते हुए उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि यह उनके लिए काफी कुछ सीखने का समय है। उन्होंने कहा कि अनिल कुमार पहले ही सेवा में रह चुके हैं। इसलिए उनके पास एक कई वर्षों का अनुभव भी है।एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि सीटीएम विपिन कुमार ने चुनाव प्रबंधन में सराहनीय कार्य किया है।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई

# ट्रस्ट ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

■ ऋषि-मुनियों ने करवाया परोपकार, आपसी प्रेम व सौहार्द भावना से अवगत: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ व अन्य।

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा संत शिरोमणि गुरू रविदास की 648वीं जयंती के उपलक्ष्य में हनुमान जोहड़ी मंदिर में सात दिवसीय सामाजिक सद्भाव एवं समरसता संदेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दूसरे दिन सोमवार को जोहड़ी मंदिर में शिक्षा, खेल, योगा सहित विभिन्न क्षेत्रों के 11 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने शिरकत की तथा अध्यक्षता समाजसेवी रमेश सैनी व पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने की। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर के महंत चरणदास महाराज ने किया। उन्होंने बताया कि संत शिरोमणि गुरू रविदास की 648वीं जयंती के उपलक्ष्य में रविवार से शुरू हुए 7 दिवसीय सामाजिक सद्भाव एवं संमरसता संदेश कार्यक्रम 16 फरवरी तक चलेंगे। इस दौरान सात दिनों तक देश के महान संतों द्वारा समाज व राष्ट्र उत्थान में दिए गए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करना सराहनीय कदम है, ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को संतों के जीवन आदर्श से रूबरू करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत देश ऋषि-मुनियों का देश है। जिन्होंने विश्व भर में भारत को एक अलग पहचान दिलाने काम किया है। उन्होंने कहा कि ऋषि-मुनियों के त्याग, तपस्या एवं संघर्ष की बदौलत देशवासी परोपकार एवं सौहादर्य की भावना से अवगत हो पाए। महंत चरणदास ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न संतों को याद किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर समाज व राष्ट्रहित में कार्य करें। इस मौके पर विद्यार्थी मनीष, अंजली, नैतिक, वैष्णवी, वंश, लक्की, आशु, नेहा, निखिल, आयुष, हर्ष को सम्मानित किया।

# छात्र पर हमला करने के मामले में तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ पुलिस टीम के द्वारा आरोपी से एक डंडा किया बरामद।

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने बस स्टैंड भिवानी पर छात्र पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीसरे आरोपी को पुराना बस स्टैंड भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

नितिन निवासी डोहकी जिला चरखी दादरी ने थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बतलाया कि वैश्य कॉलेज भिवानी में एमएससी का छात्र हूं और 6 फरवरी को वापस अपने घर जाने के लिए नए बस स्टैंड भिवानी पर खड़ा था तभी आरोपी अनिल व मनीष अपने अन्य साथियों के साथ आए और शिकायतकर्ता के ऊपर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत अभियोग थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी में दर्ज किया था। थाना औद्योगिक क्षेत्र भिवानी के सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार ने छात्र पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीसरे आरोपी को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान कार्तिक पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी खरक हाल निवासी बैंक कॉलोनी, भिवानी के रूप में हुई है।

हरिभूमि
# सहेली



वैलेंटाइन-डे स्पेशल

स्त्री के लिए प्रेम के मायने बहुत व्यापक हैं। उसके प्रेम का अर्थ सिर्फ रूमानी नहीं होता। स्त्री का एक अलग ही प्रेममय संसार है। इसमें वह प्रेम को वृहद रूप में जीती है। उसके लिए प्रेम का अर्थ है, अपनों की खुशी। वह इसी खुशी में ही अपनी खुशी मानती है। वैलेंटाइन-डे पर स्त्रियों के नजरिए से प्रेम की व्याख्या।

# प्रेम के सार्थक भाव को जीती स्त्रियां

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

घर-परिवार से लेकर अपनी सहेलियों और आस-पड़ोस तक, स्त्रियां प्रेम के सार्थक भाव को जीती हैं। साथ ही वे स्नेह और जुड़ाव की बुनियाद पर सही मायने में प्रेममयी जीवन का ठिकाना बनाती हैं। व्यावहारिक समझ के साथ अपने परिवेश में प्रेम को पोसती हैं। जरूरत के समय किसी बच्चे-बुजुर्ग की मदद करने की बात हो या पीड़ा के दौर में अपनों का साथ देने की बात, प्रेम से अपनी भूमिका निभाती हैं। उत्सवीय परिवेश में साझी खुशियां मनाते हुए नेह उड़ेलने वाला व्यवहार हो या परंपरागत आयोजनों में किसी सहेली का साथ देने के लिए डट जाने का पहलू, स्त्रियों का प्रेम साथ देने में झलकता है। उनका प्रेम किसी की मनोदशा को जानकर हाथ थाम लेने में नजर आता है। जीवनसाथी हो या परिजन, भावनाओं को समझने और सम्मान देने में प्रतिबिंबित होता है, स्त्रियों का प्रेम-स्नेह।

## जीवन की ऊर्जा-प्रेम

यूं तो प्रेमपगा जुड़ाव हर इंसान के मन-जीवन के लिए संजीवनी-सा होता है, लेकिन स्त्रियां स्नेहमयी साथ को ज्यादा अहमियत देती हैं। प्रेम हर स्त्री के जीवन में बहुत मायने रखता है। भावनाओं की बुनियाद पर अपनों-परायों से जुड़ने वाली स्त्रियां, मन की गहराई से प्यार को समझती हैं। जज्बाती आधार से जुड़ना जानती हैं। खुद को मिले स्नेह-साथ का सम्मान करती हैं। यही वजह है कि उनका भावुक मन भी प्रेमपगे भाव-चाव की खूब चाहत रखता है। एक ओर अपने साथी संग मन की बात करना, स्त्रियों के लिए सकारात्मक ऊर्जा जुटाने जैसा होता है तो दूसरी ओर साथी के दिल का हाल जानना भी उन्हें सुकून देता है।

स्त्रियों के लिए प्यार जिंदगी को भावपूर्ण लगाव से सींचने वाली नेमत होता है। वे जीवन की इस अंतरंग साझेदारी में निःस्वार्थ भाव से प्रेम जताने और निभाने की राह चुनती हैं। यही कारण है कि स्त्रियां जीवन के हर उतार-चढ़ाव में अपने जीवन साथी को हिम्मत दे पाती हैं। प्रेमपगे समर्पण की यही सोच हमारी पारिवारिक व्यवस्था को थामे हुए है। आस-पड़ोस को जोड़ने वाली सुंदर कड़ी बनी हुई है। स्त्रीमन के स्नेहपूरित एहसास ही समाज के रंग, सजीव रखने का माध्यम बने हुए हैं।

## प्रेम का सार्थक भाव

प्यार किसी की अनुभूतियों को समझना भर नहीं है। आपसी सहजता और स्नेह बनाए रखने के लिए सामने वाले इंसान की भावनाओं का मान करना भी जरूरी है। प्रेम, त्याग और समर्पण



मांगता है। संवेदनशील और सार्थक भावों को मन में स्थान देकर ही प्यार की राह पर चलने वाले हमसफर, साथ को जीने का सही अर्थ समझते हैं। समर्पण के धरातल पर ही सम्मान देने की सोच पनपती है। मनुहार, मान और मन की सुनने-समझने का यह पहलू हर रिश्ते के लिए प्राणवायु सा होता है। देखने में आता है कि स्त्रियां प्रेम के इस जीवंत भाव को न केवल समझती हैं बल्कि जीती भी हैं। कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में ह्यूमन डेवलपमेंट के प्रोफेसर डॉ.



रॉबर्ट जे. स्टर्नबर्ग के मुताबिक, 'अपने मनोभावों को दूसरे इंसान के साथ शेयर कर पाने और जरूरत पड़ने पर भावनात्मक सपोर्ट देने और पाने का जुड़ाव ही सच्चा प्यार होता है। संघर्ष और जिंदगी की उथल-पुथल के दौर में किसी के साथ होने पर भरोसा महसूस हो तो यह भावनात्मक तौर पर जुड़े होने का संकेत है। साथ ही अगर खुद से पहले किसी दूसरे की खुशी की चाहत मन में हो तो निश्चित तौर पर यह प्रेम है। पूरी दुनिया में हमेशा से ही माताएं इस तरह के महत्वपूर्ण और मानवीय व्यवहार के लिए जानी जाती हैं।' मानवीय मन के अध्ययन से जुड़ी यह बात स्त्री-मन के नेह भरे पक्ष से मिलवाती है, जो प्रेम का सबसे सुंदर और सार्थक पहलू है।

## प्रेम के शाश्वत मूल्य बने रहें

प्रेम के भाव-चाव वक्त के साथ नहीं बदलते। एक दूजे संग मन से जुड़ने की यह रीत एक प्यारी परंपरा सी है। निःस्वार्थ अनुभूतियों से सींचित प्यार सदा से ही स्वार्थ साधने की सोच से परे रहा है। इसीलिए दिली धरातल पर जुड़े अहसास कभी अपने रंग-ढंग नहीं बदलते। प्रेम करने वाले दिल में नकारात्मक भाव जगह नहीं बना पाते। प्रेम के शाश्वत मूल्य यूं भी सहेजने योग्य ही हैं। प्रेम को पोसने वाली इन मान्यनाओं में चाहे आपसी संवाद की बात हो या भावनात्मक अंतरंगता की, इन स्नेहपगे मूल्यों से ही संसार में मानवीय जुड़ाव भी कायम है। लाख दुश्वारियों के बावजूद एक-दूजे को सम्मान, सुरक्षा और स्नेह देना ही तो प्रेम है। प्रेम की शुरुआत एक-दूसरे पर विश्वास के साथ ही होती है। भरोसे के बल पर ही यह गठजोड़ विस्तार पाता है। अपनत्व का यह सूत्र जीवन के हर पहलू पर एक प्यारी साझेदारी की बुनियाद बनाता है। साझे लक्ष्यों को पाने की यात्रा में आपसी सम्मान, आत्मीयता और प्रतिबद्धता जैसे मूल्य, हर रिश्ते में बहुत मायने रखते हैं। ऐसे स्नेह भरे शाश्वत मूल्य परिवार को भावनात्मक रूप से जोड़कर रखते हैं। समाज में सकारात्मकता बढ़ाते हैं। सदा प्रासंगिक रहने वाले मूल्यों को सहेजते इस प्रेमपगे जुड़ाव का यह सबसे प्यारा पहलू है।

## महिला-मन की चाहत

हमारे घरों में स्त्री-मन के भावनात्मक पहलू को समझने का भाव आज भी नदारद है। उनके प्रति जिम्मेदारी तो निभाई जाती है पर जज्बाती जुड़ाव कम दिखता है, उनके अपनों द्वारा कभी भी खुलकर प्यार नहीं जताया जाता। जबकि हर स्त्री प्यार के बदले ढेर सारा प्यार चाहती है। हर रिश्ते में खुलकर प्रेम जताने वाली स्त्रियां अपने लिए भी प्रेमपगे अहसासों की अभिव्यक्ति की उम्मीद रखती हैं। मौजूदा दौर की सजग सशक्त स्त्रियां भी प्यार के प्रति समर्पण और निष्ठा का भाव रखती हैं। ऐसे ही आत्मीय जुड़ाव की आशा भी रखती हैं। सी. एस. लुइस के मुताबिक, 'हमारे जीवन में जो भी दृढ़ और स्थायी खुशी है, उसके लिए नब्बे प्रतिशत प्रेम ही उत्तरदायी है।' महिलाओं से जुड़े सभी रिश्तों को भी समझना चाहिए कि उनका मन भी प्रेमपगे भावों को जीना चाहता है। खासकर जीवनयात्रा में अपने पार्टनर से स्नेह-सत्कार जताने की उम्मीद तो हर महिला को होती ही है।

# सेलिब्रेट करें अपना प्यार

वैलेंटाइन-डे आए और हसबैंड-वाइफ इसे सेलिब्रेट न करें, यह कैसे हो सकता है। जरूरी नहीं इसके लिए आप बहुत बड़े स्तर पर कुछ प्लान करें, आप घर पर ही या बाहर जाकर भी छोटे स्तर पर वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट कर सकती हैं। अपने दांपत्य जीवन में और मधुरता लाने के लिए यह बहुत जरूरी है।

मैरिड लाइफ

पूर्ति खरे



दांपत्य एक ऐसा रिश्ता है, जो प्यार, विश्वास, समर्पण और आपसी समझ से मजबूत होता है। हालांकि इस रिश्ते को मजबूत करने के लिए और भी तरीके हैं, लेकिन हमेशा इस रिश्ते की धुरी प्रेम ही माना गया है। पति-पत्नी जॉब के कारण कितने भी दूर अलग-अलग शहर में रह रहे हों, लेकिन वे एक-दूसरे के साथ दिल से जुड़े रहते हैं। इस संदर्भ में यह भी समझना चाहिए कि विवाह एक ऐसा बंधन है, जो बिना प्यार के संभव ही नहीं। लेकिन आजकल की व्यस्त जीवनशैली के चलते इस रिश्ते के बीच कहीं न कहीं प्यार अपनी सुप्तावस्था में चला जाता है। एक लंबे दांपत्य जीवन के बाद भी कई पति-पत्नी के बीच यही शिकायत रहती है कि उनके बीच का प्यार अब पहले जैसा नहीं रहा। लेकिन हकीकत इससे जुदा होती है, क्योंकि असल में प्यार कभी नहीं बदलता, बस बदलते हैं तो उसको बयां करने के अंदाज। खैर, आपका तरीका जो भी हो,लेकिन प्यार के इस मौसम में अपने साथी के प्रति जो भी भाव आप रखती हैं, उसे अभिव्यक्त जरूर कीजिए। आपके इस भाव को बयां करने के लिए वैलेंटाइन-डे एक खास मौका है, जो प्यार-रोमांस को समर्पित है। इसे कैसे मनाएं, जरूर जानिए-



**बाहर घूमने जाएं:** अगर संभव हो तो आप अपने साथी के साथ बाहर किसी ऐसी एकांत और सुहावनी जगह पर जाएं, जहां आप दोनों एक-दूसरे को अपना भरपूर समय दे सकें। हो सके तो एक रोमांटिक डेट को अरेंज करें। इसके लिए आप किसी सुंदर पार्क में पिकनिक मना सकती हैं या एक रोमांटिक रेस्तरां में डिनर कर सकती हैं। आप चाहें तो सिनेमा हॉल में एक साथ कोई रोमांटिक फिल्म भी देख सकती हैं। इससे आपको एक रोमांटिक माहौल मिलेगा या फिर किसी डांस स्टूडियो में जाएं और एक साथ डांस करें। इससे आपको करीब आने का मौका मिलेगा।

**शादी की तस्वीरें या वीडियो देखें:** आप अपने पार्टनर के साथ शादी की तस्वीरें देखकर या वीडियो देखकर शादी के पल याद कर सकती हैं। याद रखें, शादी हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल होते हैं, उन पलों को हम दुबारा जी तो नहीं सकते, लेकिन तस्वीरों और वीडियोज में कैद उन पलों को देखते हुए हम उन पलों की स्मृतियां फिर बटोर जरूर सकते हैं।

**घर पर रोमांटिक डिनर:** अगर आप या आपके पार्टनर बाहर नहीं जा सकते या आप घर के बच्चों या बड़ों के कारण घर से बाहर जाने में संकोच कर रही हैं तो आप घर पर ही एक रोमांटिक डिनर अरेंज करें। अपने पसंदीदा व्यंजन बनाएं, उन्हें सुंदर तरीके से परोसें। आप कैंडललाइट डिनर भी कर सकती हैं। साथ ही फूलों से घर को सजाएं। इससे आपको घर में एक रोमांटिक और खुशनुमा माहौल मिलेगा।

**लव लैटर या लव कार्ड:** यह तरीका आपको थोड़ा ओल्ड लग सकता है, लेकिन यकीन मानिए अपने हाथों से लिखे गए प्यार के अल्फाज हमेशा जुदा अहसास कराते हैं। यह बहुत मजेदार आइडिया है, आजमा कर तो देखिए, एक-दूसरे को लव लैटर लिखिए। इससे आपको अपने प्यार को व्यक्त करने का मौका मिलेगा और पढ़ने वाले को यह प्यार से भर देगा। आप यदि लव लैटर लिखने में संकोच कर रही हैं तो एक थॉट्सफुल कार्ड भी पार्टनर को खरीद कर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में इस तरह के गिफ्ट भी मिलते हैं, जो आपके प्यार को बयां करते हैं।

यह जान लीजिए कि प्यार करने का अंदाज कोई भी हो, बस आपके प्यार में प्यार होना चाहिए। यहां बताए गए आइडियाज को अपनाकर आप अपने वैलेंटाइन-डे को यादगार बना सकती हैं, अपने दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रख सकती हैं। हैप्पी वैलेंटाइन-डे!

मेकअप

विधि गोयल

# इस लव-डे पर आप दिखें सबसे लवली-ब्यूटीफुल

आने वाले वैलेंटाइन-डे पर आप सबसे प्यारी और खूबसूरत नजर आना चाहेंगी। इसके लिए जरूरी है कि मेकअप सही तरीके से किया जाए। यहां आपको बता रहे हैं, परफेक्ट मेकअप करने के तरीके के बारे में।

**प्राइमर:** मेकअप की शुरुआत अपने चेहरे पर प्राइमर अप्लाई करने से करें। मेकअप करने से पहले प्राइमर लगाने से मेकअप को एक अच्छा बेस मिलता है और मेकअप ज्यादा देर तक टिका भी रहता है।

**फाउंडेशन:** प्राइमर लगाने के बाद अपने चेहरे पर लाइट फाउंडेशन या बीबी-सीसी क्रीम अप्लाई करें। मेकअप ब्रश या ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से फाउंडेशन को अच्छी तरह ब्लेंड करें। ध्यान रखें कि बहुत हैवी फाउंडेशन का इस्तेमाल न करें, वरना फेस केकी लगने लगेगा।



**कंसीलर-कॉम्पैक्ट पावडर:** अगर आपके चेहरे पर डार्क सर्कल्स, पिंपल्स या फाइन लाइंस नजर आती हैं, तो कंसीलर भी जरूर लगाएं। ध्यान रखें कि हमेशा ऐसा कंसीलर इस्तेमाल करें, जो आपके स्किन टोन से एक शेड लाइटर हो। कंसीलर का इस्तेमाल सिर्फ उन्हीं जगहों पर करें, जहां इसकी जरूरत हो। चेहरे की अच्छी तरह से क्लींजिंग करके मॉयश्चराइज करें। फिर स्किन टाइप के अनुसार कंसीलर और फाउंडेशन लगाएं और मैट कॉम्पैक्ट से मेकअप को लॉक करें। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो फेस पावडर लगाने की जरूरत नहीं है। हल्का फाउंडेशन ही काफी है।

**ब्लश से पाएं पिंकिश टोन:** प्यार के रंग से रंगे इस खास दिन अपने गालों पर ब्लश भी जरूर लगाएं। लाइट पिंक कलर का ब्लशर आपके चेहरे को और भी निखार देगा। अगर आपकी नॉर्मल या ड्राय स्किन है तो आप क्रीम ब्लश का इस्तेमाल करें और अगर आपकी ऑयली स्किन है तो पावडर ब्लश का इस्तेमाल करें।

**आई मेकअप:** आंखों की खूबसूरती को निखारने के लिए आप आई मेकअप में कुछ अलग ढंग से करें। आंखों की पलकों में अपनी ड्रेस से मैचिंग आईशैडो लगाएं। आईलाइनर और काजल की एक पतली कोट लगाएं। आई लैशेज को ग्लैमरस दिखाने के लिए पलकों के ऊपर और नीचे दोनों तरफ से उभार देते हुए मस्कारा लगाएं।

**ग्लिटरी ग्लैम लुक:** नाइट पार्टी के लिए ग्लिटरी ग्लैम लुक मेकअप भी कर सकती हैं। ऐसे लुक के लिए आप बेस मेकअप को ड्युई लुक दें। साथ ही आप ब्लश और हाइलाइटर के लिए लिक्विड या क्रीम प्रोडक्ट्स को चुनें। इसके अलावा आप लिप्स के लिए भी ग्लॉस का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

फीलिंग्स

श्रुति आयंगर

वैलेंटाइन-डे के अवसर पर गिफ्ट देना प्यार जताने का एक बेहतरीन तरीका होता है। आप भी अपने लव/लाइफ पार्टनर को इस मौके पर कुछ खास गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। जानिए, गिफ्ट देने के कुछ यूनीक आइडियाज।

# गिफ्ट हो ऐसा जिसमें झलके आपका प्यार

जब मौका हो वैलेंटाइन-डे का तो आप जरूर अपने लव/लाइफ पार्टनर को प्यारा सा गिफ्ट देकर अपनी फीलिंग्स उनके सामने प्रकट करना चाहेंगी। प्यार का इजहार करना हो या प्यार को और भी प्रगाढ़ करना हो तो इसके लिए लव कपल्स एक-दूसरे को गिफ्ट देना पसंद करते हैं। अगर आपने अपने वैलेंटाइन के लिए अभी तक कोई गिफ्ट सेलेक्ट नहीं किया है, तो यहां बताए जा रहे, गिफ्ट आइडियाज पर गौर कर सकती हैं।

**फोटो फ्रेम विद म्यूजिक:** गिफ्ट के तौर पर फोटो फ्रेम देना काफी अच्छा ऑप्शन माना जाता है। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर को वैलेंटाइन-डे पर कुछ स्पेशल गिफ्ट देना चाहती हैं तो उन्हें प्लेन फोटो फ्रेम देने की बजाय, फोटो फ्रेम विद म्यूजिक दे सकती हैं। इस फ्रेम की खासियत यह होती है कि यह फ्रेम ग्लास का बना होता है और इसमें आप जो भी गाना सेलेक्ट करती हैं, उसे इस फ्रेम में कस्टमाइज करवा सकती हैं। इसमें स्पेशल क्यूआर कोड की सुविधा होती है। आप इस कोड की मदद से अपने पार्टनर को अपना सेलेक्ट किया गाना सुनवा भी सकती हैं। यह गिफ्ट बेहद यूनीक लगता है। इसमें आप अपने पार्टनर के साथ की फोटो का कोलाज बनाकर भी एड करवा सकती हैं।





**चॉकलेट बुके विद हैंपर:** वैलेंटाइन-डे जैसे मौके पर चॉकलेट्स गिफ्ट करने का काफी ट्रेंड है। आप भी चाहें तो इस अवसर पर अपने पार्टनर को चॉकलेट्स हैंपर या चॉकलेट बुके गिफ्ट कर सकती हैं। इसमें आप उनकी पसंद की चॉकलेट्स का हैंपर या बुके बनवा सकती हैं। चॉकलेट के साथ में छोटे-छोटे फूल, टेडीबियर, लव कोट्स लिखा एक कार्ड भी लगवा सकती हैं। अगर उन्हें केक पसंद है तो वो भी इसके साथ दे सकती हैं। इसके अलावा आप चॉकलेट्स से भरा हुआ एक सरप्राइज एक्सप्लोजन बॉक्स भी गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल ये काफी ट्रेंड में है।

**हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट्स:** ऐसे स्पेशल डेज पर हैंडमेड-पर्सनलाइज्ड गिफ्ट देना न केवल आपके साथी को खुशी देता है बल्कि ये आपके बीच के प्यार को भी और गहरा बनाता है। इस वैलेंटाइन-डे पर अपने प्यार को, एक यादगार तोहफे के रूप में पर्सनलाइज्ड-हैंडमेड गिफ्ट देकर इसे खास बना सकती हैं। आप अपने पार्टनर के लिए अपने हाथों से बने क्राफ्ट बेस ग्रीटिंग कार्ड, हाथ से लिखे लव लेटर या कविता, अपने हाथों से बना स्कार्फ, किसी कपड़े या रुमाल में कढ़ाई करके उनको गिफ्ट कर सकती हैं। माना ये तरीके पुराने हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड मग, पर्सनलाइज्ड ज्वेलरी, कस्टमाइज्ड कुशन कवर, कस्टमाइज्ड वॉल आर्ट और अपने पार्टनर के लिए प्यारा-सा पर्सनलाइज्ड वीडियो मैसेज भी भेज सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह का गिफ्ट पाकर आपके पार्टनर के मन में आपके प्रति प्यार और गहरा हो जाएगा।




**गिफ्ट हैंपर:** वैलेंटाइन-डे को देखते हुए, इन दिनों मार्केट में कई तरह के गिफ्ट हैंपर मिल रहे हैं। आप भी चाहें तो वैलेंटाइन-डे पर अपने पार्टनर को इनमें से कोई गिफ्ट हैंपर सेलेक्ट कर दे सकती हैं। इसमें आप उनका पसंदीदा परफ्यूम, चेन, रिंग, वॉलेट, वॉच, ज्वेलरी प्रेजेंट कर सकती हैं। आप ऑनलाइन भी ऑर्डर करवा सकती हैं।

अगर हाल में आपका ब्रेकअप हुआ है, अब इस साल आपका पार्टनर आपके साथ वैलेंटाइन-डे सेलिब्रेट करने के लिए नहीं है तो आप उदास, मायूस मत होइए। आप सिंगल ही वैलेंटाइन-डे मना सकती हैं। आपके आस-पास बहुत से ऐसे लोग हैं, जो आपके साथ प्यार बांट सकते हैं, खुशियां मना सकते हैं।

# अकेले हैं तो क्या गम है...

एडवाइस

नम्रता नदीम

इस बार वैलेंटाइन-डे पर बहुत से ऐसे लोग होंगे, जो हाल ही में अपने टॉक्सिक रिश्तों से बाहर आए होंगे। कुछ समय पहले जिनका ब्रेकअप हुआ होगा और अब किसी के साथ रिलेशनशिप में आने की कल्पना मात्र से ही परेशान होंगे। उन्हें रह-रहकर पिछले साल अपने पार्टनर के साथ मनाए गए वैलेंटाइन-डे की यादें विचलित कर रही होंगी। लेकिन ऐसे लोगों के लिए सिर्फ यही कहा जा सकता है कि 'अकेले हैं तो क्या गम है, चाहे तो हमारे बस में क्या नहीं।' इन लोगों को स्थितियां और परिस्थितियां ही अब अपने आप से प्यार करने की जरूरत समझाएंगी। अब इनके लिए वो दिन बीत गए जब ये रिलेशनशिप में थे, किसी और के लिए तैयार होकर डेट पर जाते थे।



**अब खुद को करना है पैंपर:** इस बात को समझें कि अब खुद से ही खुद को पेंपर करना है। प्यार के इस खास दिन के लिए अपने आपको घर के किसी कमरे में बंद करके सैड सॉन्ग सुनने की बजाय क्यों न इस बार वैलेंटाइन-डे खुद के साथ ही सेलिब्रेट करें, क्योंकि किसी ने बिल्कुल सही ही तो कहा है, सेल्फ लव इज अल्टीमेट लव।

**खुद को दें पार्टी या बनाएं फेवरेट डिश:** अगर आप सिंगल हैं और इस बार अपना वैलेंटाइन-डे भी मनाना चाहती हैं तो जरूरी नहीं कि बाहर लंच या डिनर के लिए आपका पार्टनर आपके साथ हो। आप अकेले भी जाकर खुद को पार्टी दे सकती हैं। घर पर रहकर बोर होने और ब्रेकअप का मातम मनाने की बजाय अपने दूसरे सिंगल दोस्त से घर या ऑफिस के बाद मिलें और उसके या अपने घर में अपनी फेवरेट डिश बनाएं। अपने मम्मी-पापा या ग्रैंड पैरेंट्स के साथ मौज-मस्ती करें। इससे आपको ही नहीं, उनको भी अच्छा लगेगा। अगर आपके कई सिंगल दोस्त हैं तो सब लोग मिलकर पार्टी करें, सब कहीं बाहर जाकर भी लंच या डिनर में अपने सिंगलहुड को एंज्वॉय कर सकती हैं।

**दूसरों का दुख-दर्द बांटें:** मनोविदों की मानें तो जब हम दूसरों के लिए कुछ करते हैं तो इससे हमें अपार खुशी मिलती है। यह जरूरी नहीं कि ये दूसरे लोग हमारे बहुत करीबी ही हों। इस दिन किसी वृद्ध आश्रम या अनाथालय में जाकर बुजुर्गों और बच्चों को खाने की कुछ चीजें दें। बुजुर्गों के दुख-दर्द सुनें और उनके साथ बातें करें। घर-परिवार के दूसरे सदस्यों के साथ मिलकर गरीब बच्चों के लिए खाना बनाकर खिलाएं। ऐसी एक्टिविटीज से सिंगल होने का दुख नहीं सताता और दूसरों को भी खुशी मिलती है।

**सेल्फ डेट प्लान करें:** जिनका हालिया ब्रेकअप हुआ है, पिछले वैलेंटाइन-डे पर वह अपने डेट के साथ कौन-सी खूबसूरत ड्रेस पहनकर गई थीं, इस दिन को खूब एंज्वॉय किया था, अब उन्हें इसकी अगर याद सताए तो इस तरह के हैंगओवर से भी बाहर आना जरूरी है। खुद के साथ सेल्फ डेट प्लान करें। वैलेंटाइन-डे के लिए ऐसी मनचाही सुंदर ड्रेस खरीदें, जिसे आप कई दिनों से खरीदने की सोच रही हैं। इस ड्रेस को पहनकर अपने किसी खास दोस्त से मिलें और खुद को ही यह साबित कर दें कि वैलेंटाइन-डे खुद के साथ भी मनाया जा सकता है।

## मम्मी-पापा के साथ मनाएं वैलेंटाइन-डे



**क्या हुआ** जो पिछले साल आपने रिलेशनशिप में रहते हुए, जिसे हद से ज्यादा प्यार किया था, उसके साथ एक मेमोरेबल वैलेंटाइन-डे मनाया था! क्या हुआ अगर उसकी याद भर बाकी है। उस टॉक्सिक व्यक्ति के साथ मनाए गए उस वैलेंटाइन-डे को भूल जाइए और उससे ब्रेकअप करने को अपने भविष्य के लिए बेहद जरूरी समझते हुए उसकी यादों से भी बाहर आ जाइए। इस बार का वैलेंटाइन-डे मम्मी-पापा के साथ मनाएं। पैरेंट्स के ऊपर अपने प्यार की बौछार करके तो देखें, उनके साथ छुट्टी लेकर पूरा दिन बिताएं। उनके साथ लंच-डिनर करें। माता-पिता से अच्छा वैलेंटाइन-डे पार्टनर भला और कौन हो सकता है!

# फाइनेंस कमेटी की बैठक में 4 प्रस्ताव पारित, स्वच्छता पर रहा फोकस

- नगर पालिका के प्रधान रमेश की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक बैठक में रखे गए थे पांच एजेंडे
- बैठक में शहर के बंदरों को पकड़ने के प्रस्ताव पर नहीं बनी सहमति
- शहर को आवारा पशुओं से मिलेगी निजात, हुड्डा पार्क के रखरखाव पर खर्च होंगे 20 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बैठक में भाग लेते फाइनेंस कमेटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कार्यालय में सोमवार को आयोजित फाइनेंस कमेटी की बैठक में चार प्रस्तावों पर मोहर लगी। बैठक में फाइनेंस कमेटी ने शहर के स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नए वाहन खरीदने तथा शहर में डोर टू डोर कूडा उठान के लिए टेंडर लगाने पर सहमति जताई है। इसके अलावा 20 लाख रुपये की लागत हुड्डा के रखरखाव व शहर को आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए 10 लाख रुपये का प्रस्ताप भी पारित किया गया है। बता दें कि नगर पालिका के विकास कार्यों की निगरानी व उनकी मंजूरी के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से सभी नगर पालिका व परिषदों में फाइनेंशियल कमेटी के गठन के आदेश जारी किए थे। सरकार के इन आदेशों में पांच सदस्यीय इस कमेटी में नपा सचिव, प्रधान व उपप्रधान की नियुक्ति सरकार की तरफ से ही कर दी गई है, जबकि दो सदस्यों का नपा सदन के पार्षदों में से चुना गया था। 9 मई 2023 विवादों के बीच फाइनेंस कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी का गठन के एक साल तक कोई बैठक आयोजित नहीं की गई। 19 जून को पहली फाइनेंस कमेटी की बैठक आयोजित होनी थी, लेकिन हंगामे के चलते स्थागित करना पड़ा था। इसके बाद 27 जून को पहली बैठक आयोजित की गई थी। पहली और दूसरी बैठक में पारित कुछ प्रस्तावों पर धरातल पर कार्य भी शुरू हो चुका है। वहीं मंगलवार को नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पांच प्रस्ताव रखे गए, जिनमें से चार प्रस्ताव पारित हुए है।

**इन प्रस्तावों पर लगी मोहर**

शहरी क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा उठान के लिए 10 ट्रैक्टर ट्राली और एक जेसीबी मशीन उपयुक्त दर पर छह माह के लिए लिए हायर की जाएगी, जिसमें अनुमानित लागत 60 लाख रुपये आएगी। -शहर के आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए टेंडर छोड़ने के लिए 10 लाख रुपये का प्रस्ताव पारित किया गया है। चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क के रखरखाव के लिए एक वर्ष के लिए किसी आरडब्ल्यूए या किसी सामाजिक को टेंडर दिया जाएगा। रखरखाव की जिम्मेदारी लेने वाले नपा 20 लाख रुपये का भुगतान करेगी।शहरी क्षेत्र में कूडा उठान हेतु वर्तमान में कार्य कर रही फर्म की समयावधि 6 माह को समाप्त हो चुकी है। जनहित की सुविधा के लिए एक माह के लिए फर्म की अवधि बढ़ाने पर सहमति बनी है।

## इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग को प्रोत्साहित करेगी एनआईसी

**नारनौल।** साइबर स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा साइबर खतरों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने के लिए जिला महेंद्रगढ़ के नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेंटर एनआईसी कार्यालय 11 फरवरी को राजकीय महाविद्यालय ऑडोटोरियम हाल में एक साथ बेहतर इंटरनेट के लिए थीम पर सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाएगा। उपायुक्त डा. विवेक भारती ने बताया कि आमजन को सुरक्षित इंटरनेट के बारे में शिक्षित करने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से साइबर स्वच्छता को बढ़ावा देने, साइबर खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और प्रतिभागियों को प्रभावी तकनीकों से लैस करने पर केंद्रित होंगी। इस बारे जिले के विभिन्न विभागों व जिले के सभी सीएससी व वीएलई को भी अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए है।

## सीआईए ने अवैध हथियार के साथ एक आरोपी पकड़ा

**नारनौल।** सीआईए महेंद्रगढ़ पुलिस ने थाना निजामपुर क्षेत्र से अवैध हथियार रखने के मामले में गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित प्रवीण वासी नियाजलीपुर को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित से पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सीआईए की टीम गश्त के दौरान निजामपुर चौक पर मौजूद थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि प्रवीण वासी नियाजलीपुर अवैध हथियार लेकर सरेली मोड़ पवेरा पर खड़ा है, अगर तुरंत रेड की जाए तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। सूचना पर टीम ने रेड की। जहां पर पुलिस को देखकर एक लड़का तेज कदमों से चलने लगा। जिसको काबू करके नामपता पूछा तो उसने अपना नाम प्रवीण बताया। जिसकी तलाशी लेने पर एक देसी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस मिले। पुलिस ने अवैध हथियार को जब्त कर आरोपित के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत थाना निजामपुर में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई नारनौल पब्लिक हेल्थ ब्रांच की जरनल मीटिंग

# मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने उठाई कर्मियों की मांगों को पूरा करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ की नारनौल पब्लिक हेल्थ ब्रांच की जरनल मीटिंग पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पानी की टंकी पर यूनियन कार्यालय में हुई, जिसकी अध्यक्षता ब्रांच प्रधान रमेश चन्द्र यादव ने की। मंच संचालन जिला प्रेस सचिव रामशरण यादव ने किया। इस मीटिंग में फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों की जायज मांगों के बारे में विचार-विमर्श किया गया, जिसमें मुख्य मांगे कौशल रोजगार के तहत लगे हुए कर्मचारियों की जॉब सिक्योरिटी लागू करवाने की रही। कौशल रोजगार में लगे हुए कर्मचारियों की सैलरी हर महीने की सात तारीख को दी जाए। कौशल रोजगार कर्मचारियों के ईएसआई कार्ड बनाए जाएं। जिन कर्मचारियों की एलटीसी बकाया है, उसको तुरंत प्रभाव से दिलवाया जाए। पिछले एक साल से बकाया सेल व साबुन का भुगतान किया जाए। मेडिकल बिल का तुरंत प्रभाव से भुगतान किया जाए, जिस भी कर्मचारी का प्रमोशन पैंडिंग है, वह किया जाए। जिन कौशल कर्मचारियों के अनुभव नहीं चढ़ रहे हैं, उनके अनुभव रिकार्ड में दर्ज किए जाएं और जिनके गलत चढ़ा रखें हैं, उसको ठीक करें। जिन कर्मचारियों की वाटर वर्क्स पर ड्यूटी लगी हुई है, उसको रेस्ट लिव दिए जाएं। छुट्टी के लिए स्टाफ की व्यवस्था की जाए। कर्मचारियों की जायज मांगों के बारे में अधिकारीगण यूनियन शिष्टमंडल को बातचीत के लिए समय दिया जाएं। बार–बार पत्राचार करने पर भी समय नहीं दिया है। कौशल के तहत लगे हुए कर्मचारियों की सेलरी में गड़बड़ी है। पहले लगे हुए कर्मचारी की सेलरी कम आ रही है और बाद में लगे हुए कर्मचारी की ज्यादा सेलरी आ रही है, उसे ठीक किया जाएं। अगर अधिकारीगण बातचीत के लिए एक हफ्ते के अंदर समय नहीं देते हैं तो संगठन को मजबूरी में धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस मीटिंग में सचिव राधेश्याम शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद सैनी, उपप्रधान रामचंद्र शर्मा, दलिप कुमार, कौशल प्रधान शेरसिंह, पतराम, भरथरी, सुरेश कुमार, जोगेंद्र, बलवंत, नीरज, अरविंद, रोहित, रामकिशोर, सहीराम, हवासिंह, वजन सिंह, राकेश, राजबीर व प्रवीण सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। मीटिंग में यूनियन शिष्टमंडल को अपनी–अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी दी। प्रधान व अन्य वक्ताओं ने सभी साथियों को आश्वस्त किया कि जब भी अधिकारियों से बातचीत होगी, तब सभी मांगों को पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा।



मंडी अटेली। स्वास्थ्य मंत्री के निजी सचिव विकास यादव को अपना मांगपत्र सौंपते हुए।

## मांगों को लेकर रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने स्वास्थ्य मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

मंडी अटेली। रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के अखिल भारतीय राज्य सरकारी फाउंडेशन जिला प्रधान घनश्याम शर्मा एवं सचिन ताराचंद ने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निजी सचिव विकास यादव को अपना मांग पत्र सौंपा। मांगपत्र में बताया कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा लगातार धरना व प्रदर्शनों के माध्यम से ज्ञापन व पत्र भेजकर मांग करता रहा है कि वह लोकतंत्र तरीके से सरकार से बात करके अपनी मांगों व समस्याओं का समाधान करवाना चाहते हैं, परंतु बड़े दुख की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने कार्यकाल में एकबार भी वार्ता नहीं की। प्रदेश में लाखों रिटायर्ड कर्मचारी हैं। उनकी मुख्य मांगों में पेंशन 65 वर्ष की आयु में 10 व 75 वर्ष की आयु में 20 प्रतिशत बेसिक वेतन वृद्धि जाए। मेडिकल भत्ता 3000 मासिक दिया जाए। पेंशन को कैशलेश मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए। सरकारी अस्पतालों के रिक्त पदों को पूर्ण नियमित भर्ती करके ईलाज करना सुनिश्चित किया जाए। वरिष्ठ नागरिकों को एसी वोल्वो बस के किराए में छूट दिलाई। रेलवे एवं हवाई यात्रा में छूट दी जाए। सभी रिटायर्ड कर्मचारियों को एलटीसी ब्लॉक वर्ष के प्रथम वर्ष में दी जाए। कोरोना काल में 18 माह की महंगाई भत्ते का बकाया एरियर दिया। कर्मचारी द्वारा 6 माह से ज्यादा सरकारी सेवा करने के बाद सेवानिवृत होने पर एक वेतन दिया जाए। रिटायर कर्मचारियों की मृत्यु के बाद सामाजिक सुरक्षा के लिए दी जाने वाली बुढ़ापा पेंशन उनकी पत्नियों बिना शर्त दी जाए।

# बीआर के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री से सीखे परीक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा छह से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' को आनलाइन माध्यम से देखा। इस दौरान विद्यालय अध्यक्ष हरीश भारद्वाज, प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ, उप-प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज भी विद्यार्थियों के साथ इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने अपने में परीक्षा को शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग बताया, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा ही सब कुछ नहीं होती। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी परीक्षा में एक जैसा प्रदर्शन नहीं कर सकते, लेकिन प्रत्येक विद्यार्थी में ऐसी कोई न कोई अन्य क्षमता अवश्य होती है जो उसे दूसरों से बेहतर बना सकती है। प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा के तनाव से बचने के उपाय सिखाता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि हमारा विद्यालय हर वर्ष इस कार्यक्रम को देखने की उत्सुकता से प्रतीक्षा करता है, क्योंकि यह छात्रों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करता है।




## श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में फेयरवेल पार्टी आयोजित

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों की ओर से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्कूल के प्राचार्य वेदपाल यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ जूनियर कक्षा के छात्र छात्राओं ने किया। सीनियर कक्षा के छात्र छात्राओं ने अपने अनुभवों को जूनियर साथियों के साथ साझा करते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति अडिग रहने की सलाह दी। उन्होंने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे लम्हें को याद करते हुए सबको भावुक कर दिया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने बच्चों को सफलता का मंत्र बताते हुए कहा कि एक विचार लो और उस विचार को अपने जीवन का सार बना लो, उसी को सोचो और उसी के स्वप्न देखो, दूसरे अन्य विचारों को अकेला छोड़ दो।

# ज्ञानकोश-ए-ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों को दिखाया प्रधानमंत्री का प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। महेंद्रगढ़। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी।

भारत के प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा नामक कार्यक्रम ज्ञानकोश-ए-ग्लोबल स्कूल में विद्यार्थियों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए छात्रों से खुलकर बातचीत की व परीक्षा में सफल होने के लिए मूल मंत्र बच्चों को बताएं। प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पर चर्चा नामक कार्यक्रम विद्यालय में बच्चों को दिखाने के बाद सीईओ राकेश कुमार व प्राचार्य रामनिवास यादव ने बताया कि सभी बच्चे परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल परीक्षा के तनाव से बचने के उपाय सिखाता है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि हमारा विद्यालय हर वर्ष इस कार्यक्रम को देखने की उत्सुकता से प्रतीक्षा करता है।

## आग लगाने के मामले दो और गिरफ्तार

**नारनौल।** पेट्रोल डालकर ठेका में आग लगाने के मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए व थाना निजामपुर की पुलिस टीमों ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान नक्श वासी खेड़ा थाना कोटकासिम राजस्थान व आदित्य वासी मुसनौता के रूप में हुई है। आरोपितों को सोमवार को न्यायालय पेश किया गया। जहां से आरोपित नक्श को न्यायिक हिरासत में भेजा गया व आरोपित आदित्य को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपित नरेंद्र वासी पांचनौता व होशियार सिंह वासी नांगल दर्गू को पहले गिरफ्तार कर लिया था। शिकायतकर्ता विजय सिंह वासी गांव पवेरा ने थाना निजामपुर में दी शिकायत में बताया कि बायल बॉर्डर पर ठेका उसकी देख रेख में चल रहा है।

# 26 भाजपा प्रत्याशियों ने पर्यवेक्षक को टिकट के लिए सौंपे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



मंडी अटेली। पर्यवेक्षक को आवेदन सौंपते भावी नगर पार्षद प्रत्याशी।

भाजपा ने पार्टी सिंबल पर नगर निकाय चुनाव लड़ने की घोषणा के साथ ही उम्मीदवारों की तलाश भी तेज कर दी है। सोमवार को अटेली में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव अटेली के कार्यालय पर भावी पार्षद प्रत्याशियों ने पर्यवेक्षक महेश चौहान पार्टी व अन्य पदाधिकारियों के सम्मुख 26 बायोडाटा फार्म जमा करवाए। इससे पहले तीन रोज पहले 8 फरवरी को नपा के चेयरमैन प्रत्याशियों के आवेदन लिए गए थे। भाजपा की तरफ से नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक महेश चौहान ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं व जिताऊ प्रत्याशियों को टिकट प्रदान किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री के सचिव विकास यादव व गोविंद गोस्वामी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रत्याशियों के बायोडाटा में सामाजिक व दूसरे गतिविधियों को देखा गया है। अटेली कस्बे के वार्ड में पार्टी ने जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश कर रही है। भाजपा की जनहित व राष्ट्रहित नीतियों के बल पर अनेक राज्यों में सत्तासीन हुई है। हाल ही में दिल्ली के चुनावों में भाजपा की धमाकेदार जीत से पार्टी के वर्कर व पदाधिकारियों में जोश है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा ने कहा कि जल्द ही चुनाव चिह्न वाले प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी। कनीना, अटेली समेत गुरुग्राम व अन्य क्षेत्रों में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की झोली में इन स्थानों से भाजपा को चेयरमैन व पार्षद देने के काम करेंगे। बता दें कि 8 फरवरी व बाद में नपा के चेयरमैन प्रत्याशियों के 10 आवेदन आये थे। इस मौके पर जिला प्रधान दयाराम यादव, सुरेश शर्मा, अजीत सिंह कलवाड़ी, अमित मिश्रा, मुकेश कुमार, प्रदीप सैनी, कृष्ण शर्मा, बाबूलाल मुंडिया आदि मौजूद थे।



## एमआर स्कूल में विदाई समारोह आयोजित

**नारनौल।** एमआर पब्लिक स्कूल मित्रपुरा में 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह हुआ। विद्यालय के चेयरमैन सियाराम यादव व प्राचार्या अनिता यादव ने दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। विदाई समारोह के दौरान 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स का फूलों की वर्षा करके व तिलक लगाकर स्वागत किया। पार्टी का आगाज सरस्वती वंदना ने किया। अपने सीनियर्स के लिए विदाई समारोह को मनोरंजन से भरा बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के गेम्स भी करवाए गए। विभिन्न प्रकार के गेम्स व एक्टिविटीज के माध्यम से मिस फेयरवेल नीलम, मिस्टर फेयरवेल अंकित का चुनाव किया गया। सुंदर व रंग बिरंगे परिधानों से सजे छात्रों की चहल-पहल से सारा स्कूल परिसर गूंज उठा। विद्यालय की प्राचार्या अनिता यादव ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

# बालिका जन्मोत्सव मनाने वाले परिवार को किया सम्मानित



**नारनौल।** लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल अभियान सदस्य डा. कृष्णा कुमारी आर्या ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हुडा सेक्टर में बालिका का जन्मोत्सव मनाने वाले परिवार को सम्मानित किया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का सन्देश दिया। विजयलता व नित्यानंद यादव के हुडा स्थित निवास पर आयोजित इस सम्मान समारोह में डा. कृष्णा आर्या ने बालिका योक्षिता की माता मोनिका व पिता रवि कुमार को सम्मान पत्र व पौधा भेंट किया तथा बालिका योक्षिता के जन्म पर परिवार बेटियों के सम्मान में जो अच्छी पहल की गई है उसकी जमकर सराहना की। इस अवसर पर आर्या ने बताया कि लोक संस्कृति संरक्षण प्रकोष्ठ की ओर से जिले की बालिका जन्मदर बढ़ाने व बालिकाओं को जन्म पर सम्मान दिलाने के लिए 2014 से एक विस्तृत मुहीम चलाई जा रही है। जिसके तहत बालिका जन्मोत्सव मनाने वाले परिवारों को सम्मानित किया जा रहा है और अब तक 760 परिवारों को सम्मानित किया जा चुका है तथा 16 हजार 201 पौधे भेंट व रोपित किए जा चुके हैं। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज इस परिवार को सम्मानित किया।

**आक्रोश** बिजली यूनियन ने अधीक्षक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

# बिजली चोरी पकड़ने गई टीम पर हमला करने वालों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल





नारनौल। अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी व आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई को मांग को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

बिजली चोरी रोकने गई निगम की टीम पर हमला करने वाले आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को कर्मचारी यूनियन ने अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यूनियन ने बिजली चोरी पकड़ने जाने वाली टीम को पुलिस सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। इससे पूर्व बिजली कर्मचारियों ने सिंघाना रोड स्थित कार्यालय प्रांगण में बैठक कर नारेबाजी कर रोष जताया। ज्ञापन की एक एक प्रति उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक को भी भेजी। ज्ञापन में बताया कि एक फरवरी सुबह बिजली चोरी पकड़ने के लिए एसडीओ शहरी मोहम्मद अजरूद्दीन के नेतृत्व में सुनिल कुमार जेई, सचिन एएफएम, कपिल एएलएम, पंकज एलएम, मनोज एलएम, कर्मबीर एएलएम, विजिलेंस टीम से ईएएसआई उमेद सिंह, बिजेन्द्र ड्राइवर, टींकू ड्राइवर के साथ भूप कॉलोनी में रतनलाल के घर पहुंचे। जहां पर बिजली मीटर की केबल घर की छत से आई हुई थी। टीम ने रतनलाल के घर पर केबल चैक करने के लिए कहा, तो रतनलाल, उसके बेटे व पत्नी से केबल चैक नहीं करने दी। जिस पर उमेद सिंह ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन वे टीम को अपशब्द करने लग गए और टीम के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। टीम ने मौके की नजाकत को देखते हुए डायल 112 पर कॉल करके अतिरिक्त पुलिस मांगी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची।

## खबर संक्षेप

### डिफेंस कोचिंग अकेडमी के छात्रों ने पाई सफलता

**चरखी दादरी।** डिफेंस कोचिंग अकेडमी के विद्यार्थियों ने 9 फरवरी को इमलोटा के सर्वोदय स्कूल आफ साइंस में आयोजित राज्य स्तरीय ओलंपियाड में शानदार सफलता पाई है। कक्षा पांचवीं में अकेडमी के आठ बच्चों ने टॉप बीस की सूची में प्रथम 12 स्थानों में अपना नाम दर्ज करवाया। ममन धवन ने दूसरा, तमन्ना श्योराण ने तीसरा, परमवीर नेहरा ने चौथा स्थान हासिल किया।

### विद्यार्थियों को साइबर क्राइम की दी जानकारी

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश अनुसार एपीजे सरस्वती महिला कॉलेज व जनता कॉलेज में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। अधिकता दिव्यता गोयल एवं साइबर थाना से एसआई संजीत व एचसी राजपाल ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे में अवगत करवाया।

### महावारी को लेकर दी छात्राओं को जानकारी

**चरखी दादरी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांवड़ में महावारी स्वच्छता को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव संजीव काजला ने बतौर मुख्यतिथि के तौर पर शिरकत की। संजीव काजला ने बताया की महामारी स्वच्छता एक महत्वपूर्ण विषय हैं, लेकिन इसे अभी भी समाज में उपेक्षित रखा जाता है।

### समाधान शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

**चरखी दादरी।** प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। सभी पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और कोई पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसको लेकर समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जाए।

### वैभवी, वरिष्ठा एवं नयन ने जीता प्रथम पुरस्कार

**भिवानी।** भिवानी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी में हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित द्वि-दिवसीय कार्यक्रम में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सांइस मॉडल मेंकिग में वैभवी, वरिष्ठा एवं नयन ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। साइंस ड्रामा प्रतियोगिता में कनक, सिया, स्नेहा, कामना, हार्दिक जांगड़ा, हर्ष व भारती ने तृतीय स्थान अर्जित किया।

### स्कूल में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम दिखाया

**भिवानी।** सभी विद्यार्थियों में उत्साह नजर आ रहा था। ऐसा लग रहा था कि वे कुछ नया करने व सीखने के इच्छुक है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने डिप्रेशन व असफलता से बचने का गुरु मंत्र, स्वयं से प्रतिस्पर्धा, मुस्कुराते रहना, अपने लेख पर ध्यान देना, मन को शांत रखना व अपने लक्ष्य को निर्धारित करने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया।

### बिल रिकवरी के लिए चलाया विशेष अभियान

**भिवानी।** सब ऑफिस खरक कलां में बिजली निगम ने बिल रिकवरी अभियान चलाया है। इसके तहत बिल नहीं भरने वालों के कनेक्शन काटे जाएंगे। नरेश कुमार सब ऑफिस इंचार्ज खरक कलां ने बताया कि समय पर बिल नहीं भरने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटा जाएगा।

### रोजाना सुनी जाती है लोगों की समस्याएं

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्य दिवस को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी जाती हैं।

# जी लिट्रा के वार्षिकोत्सव में बही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बयार

- प्रतिभाओं के जरिए दिखाई विद्यार्थियों ने स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** कार्यक्रम में मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए व उपस्थित बच्चे व शिक्षक।

ज़ी लिट्रा वैली स्कूल का भव्य वार्षिक समारोह दा क्यूऐष्ट – उत्कृष्टता की ओर एक प्रेरणादायक यात्रा हर्षोल्लास से मनाया गया

भिवानी, 9 फरवरी 2025: ज़ी लिट्रा वैली स्कूल ने अपना वार्षिक समारोह 2025 को भव्य और ऐतिहासिक तरीके से आयोजित किया। इस वर्ष समारोह की थीम "दा क्यूऐष्ट ए जर्नी टोवार्ड एक्सीलेंस एंड प्रफोंमेंस रही, जिसमें छात्रों ने नृत्य, नाटक और संगीत के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सत्यनारायण मित्तल , रामचन्द्र मित्तल, गोविन्द बंसल , प्रशासक एस. के. हलवासिया , प्राचार्या डॉ. सुमन यादव ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके बाद विद्यालय की शिक्षिकाओं ने सरस्वती वंदना का सस्वर वाचन किया ,प्रधानाचार्या डॉ. सुमन यादव ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, "हमारा उद्देश्य केवल शैक्षिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि हम हर विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देते हैं। यह वार्षिक समारोह हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत और रचनात्मकता का सजीव प्रमाण है।"इस कार्यक्रम में मुख्या अतिथि सीटीएम भिवानी विपिन शर्मा , चेयरमैन प्रतिनिधि भवानी प्रताप रहे, साथ ही पूर्व प्राचार्या अलका माथुर, गोविंद (चेयरमैन, महाराजा अग्रसेन स्कूल) प्रबंधन कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास सर्राफ , कैलाश ,अग्रवाल , ट्रस्टी अमन गर्ग , मोहित गोयल शैक्षणिक निर्देशिका दिव्या गर्ग और विद्यालय प्रबंधन समिति के अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 24 बेहतरीन प्रस्तुतियाँ हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। खासतौर पर "दा क्लाइम्ब", "महाकुंभ" और "राजस्थानी लोक नृत्य" दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे।विशेष रूप से प्रस्तुत दा क्यूऐष्ट नामक अंग्रेजी नाटक ने ए जर्नी टोवार्ड एक्सीलेंस एंड प्रफोंमेंस की थीम को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यालय के लगभग सभी छात्रों ने इसमें भाग लिया, जिससे यह एक सर्वसमावेशी और प्रेरणादायक आयोजन बन गया।

कार्यक्रम की कोरियोग्राफी हर्ष तनेजा और साज-सज्जा अध्यापिका प्रियंका द्वारा की गई, जिसने इसे और भी भव्य बना दिया। सुनीता धमीजा और वैशाली को "बेस्ट कोरियोग्राफर अवार्ड" से सम्मानित किया गया।

### 'ज़ी एंथम' ने दर्शकों का दिल जीता

समारोह का मंच संचालन सुनीता फौगाट , सुषमा सौपर्णा के सान्निध्य में छात्रा काव्या और लक्षिता ने प्रभावी ढंग से किया। कंप्यूटर शिक्षक विवेक भारद्वाज व चिराग बंसल ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यालय की उपलब्धियों और कार्यक्रम की पूरी जानकारी साझा की, जिससे यह समारोह और भी ज्ञानवर्धक बन गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत "ज़ी एंथम" ने दर्शकों का दिल जीत लिया, जिसके बाद मुख्य अतिथि सीटीएम विपिन शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की समारोह का मंच संचालन सुनीता फोगाट, इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2023-24 से कक्षा 10वी और 12 वी के मेधावी विद्यार्थियों, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विजयी छात्रों, ऑल-राउंडर स्टूडेंट्स तथा खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। यह वार्षिक समारोह ज़ी लिट्रा वैली स्कूल की शिक्षा, कला और संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रतीक था। इस भव्य आयोजन ने साबित कर दिया कि विद्यालय न केवल शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि विद्यार्थियों को उनके संपूर्ण विकास के लिए भी प्रेरित करता है। प्रधानाचार्या डॉ. सुमन यादव के मार्गदर्शन में ज़ी लिट्रा वैली स्कूल हर वर्ष नई ऊँचाइयों को छू रहा है और यह आयोजन उसी यात्रा का एक और गौरवशाली अध्याय था। यह ऐतिहासिक समारोह ज़ी लिट्रा वैली स्कूल के गौरवशाली भविष्य की एक और सफलता साबित हुआ।

## लिटिल हार्टस इंटरनेशनल स्कूल में कार्निवल समारोह का आयोजन

# नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मचाया धमाल

### एलकेजी कक्षा के मनशेर, मायरा, विहान एवं इशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

लिटिल हार्टस इंटरनेशनल स्कूल में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ लिटिल वंडर कार्निवल समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के चेयरमैन टीसी गोयल व महासचिव संजय गोयल ने की तथा प्रबंधक रवि गोयल विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलन करके की। कक्षा चार के विद्यार्थियों ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यालय के एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर ऐसे आयोजन करवाये जाते है, जिससे विद्यार्थियों का चहुंमुखी विकास हो सके।

इस मौके पर फैशन-शो प्रतियोगिता में प्री-नर्सरी व नर्सरी कक्षा के नन्हे मुन्हे बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ आकर्षक परिधानों में रैंप वाक कर अपने कॉन्फिडेंस का परिचय दिया। एलकेजी व यूकेजी कक्षा के मासूम बच्चों ने फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता में समाज के विभिन्न चरित्रों का चित्रण किया एवं अपनी आकर्षक वेशभूषाओं व अनोखी प्रस्तिुतियों से सभी का ध्यान अपनी ओर केन्द्रित कर सबका मनमोह लिया। एलकेजी कक्षा के मनशेर, मायरा, विहान एवं इशिका ने प्रथम, सक्षम ने द्वितीय, हितिक्षा, अरूभव, स्वास्तिक, रिहाना, हेतांश व अपूर्व ने तृतीय स्थान प्राप्त किए। यूकेजी कक्षा ने धारवी, शायन व ध्रुव ने प्रथम, अखिल व माहिरा ने द्वितीय तथा वंश, सायरा, वेदिका, हितांशी व आयंस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

### अनन्या ने हरियाणवी लोकनृत्य से बांधा समां

कक्षा प्री-नर्सरी में दीपश्री, क्रिशिव प्रथम, नमिशा, नितारा व तक्षिल द्वितीय और रिहान, जैविन सिंगला, सारांश सोनी, स्टनिया और मानवी तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा पांचवी की अनन्या ने हरियाणवी लोकनृत्य प्रस्तुत कर समारोह की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। मंच संचालन जिविका, लवित, राशिमा, नव्या, अवनी, अनन्या, काव्या व अनन्त ने किया।



**भिवानी।** बीपीएस स्टेपिंग स्टोन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देते विद्यार्थी।

## बीपीएस स्टेपिंग स्टोन में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की दी प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हांसी रोड स्थित बीपीएस स्टेपिंग स्टोन विद्यालय में अध्ययनरत प्ले ग्रुप, नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के विद्यार्थियों ने राहिमोमेनिया मनाया, जिसमें विद्यार्थियों ने राइम्स के साथ-साथ रैंप वॉक, योगा, जुम्बा एवं डांस के द्वारा आए दर्शकों एवं परिजनों का मनमोह लिया। कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों ने राइम्स के साथ एक्सरसाइज के माध्यम से स्वस्थ रहने का मंत्र समझाया। सभी कार्यक्रम बहुत शानदार रहे, इसलिए सभी विद्यार्थियों को मैनेजमेंट ने बहुत-बहुत बधाई दी। प्ले ग्रुप के विद्यार्थियों ने बम-बम भोले गाने पर अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। निर्देशिका महोदया आशा पाहुजा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए अपनी बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में विद्यार्थियों को नए इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस शिक्षण साधनों से शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय में छात्रों को नियमित रूप से जुम्बा, योगा करवाया जाता है एवं बच्चों के लेखन व वाचन कौशल पर मुख्य ध्यान दिया जाता है।

इस अवसर पर सचिव पुलकित पाहुजा, प्राचार्या शालू, पूनम गर्ग उपस्थित रहे।

# विनोद प्रजापति को टेक्निकल ऑफिशियल की जिम्मेदारी

- धर्मशाला में इंडौर स्टेडियम में होगी ऑल इंडिया इंटर जोनल वूमैन वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग वूमैन चैंपियनशिप के लिए टैक्नीकल ऑफिशियल चयनित विनोद प्रजापति।

आगामी 14 से 17 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित डीवाईएसएसओ इंडौर स्टेडियम में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग वूमैन चैंपियनशिप-2024-25 के लिए भिवानी निवासी वेट लिफ्टिंग कोच विनोद प्रजापति को टैक्नीकल ऑफिशियल की जिम्मेदारी सौंपी है। यह जानकारी देते हुए वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन भिवानी की उपाध्यक्ष राखी रोहिल्ला ने बताया कि विनोद कुमार प्रजापति इससे पहले भी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में ऑफिशियल की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके है, जिनकी बेहरीन कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग वूमैन चैंपियनशिप में भी उन्हें टैक्नीकल ऑफिशियल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग वूमैन चैंपियनशिप के लिए कोच विनोद प्रजापति का बतौर टैक्नीकल ऑफिशियल चयन होना भिवानीवासियों के लिए खुशी एवं गौरव की बात है।



## राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल की पुरुष व महिला की टीमों ने जीता गोल्ड मेडल

**भिवानी।** हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता ने बताया कि 7 से 9 फरवरी तक देहरादून में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल की टीमों ने पुरूष व महिला दोनों वर्ग की टीमों ने फाइनल मैच जीता तथा गोल्ड मेडल हासिल किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल में महिला वर्ग की टीम का फाइनल मैच में हरियाणा व राजस्थान के बीच खेला गया, जिसमें हरियाण टीम ने 57-55 के अंतर से जीत हासिल की तथा गोल्ड मैडल हासिल किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा नेटबॉल की पुरुष वर्ग की टीम का फाइनल मैच हरियाणा व हिमाचल के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा टीम ने 74-71 के अंतर से जीत हासिल की। हरियाणा नेटबॉल की पुरूष व महिला की टीमों की उपलब्धि पर हरियाणा नेटबॉल एसो. की महासचिव बबीता ने टीम कोच, मैनेजर व खिलाड़ियों को बधाई दी।

## श्मशान भूमि में पौधे लगाए, सफाई की

- प्रधानमंत्री मोदी की तरह एक पेड़ अपने परिजनों के नाम जरूर लगाएं : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



दिनोद रोड श्याम बाग शमशान भूमि के परिसर में साफ-सफाई एवं पौधरोपण कर रेल अंडरपास महापंचायत के संयोजक रोहतास वर्मा का 70वां जन्मदिन सादगी से पूर्ण रूप से मनाया। पौधरोपण कार्यक्रम में क्षेत्र की समाजसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए और जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण कर सराहनीय और अनुकरणीय कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम को श्याम बाग सभा प्रधान राधाकृष्ण चावला, महापंचायत श्रीजीतूवाला के पूर्व अध्यक्ष अशोक यादव, सुधार समिति शास्त्री नगर के प्रधान ठाकुर कृष्णसिंह परमार, प्रजापति समाज संगठन के रामशरण ठेकेदार, अंबेडकर शिक्षा समिति के अनिल चौपड़ा, शिवकुमार गोठवाल पार्षद, अनिल काठपालिया पूर्व पार्षद, एडवोकेट राकेश पंवार ने संबोधित किया। श्याम बाग सभा सचिव जगन गंभीर ने बताया कि रोहतास वर्मा के जन्मदिन पर उनके बेटे महेंद्र, मुकेश, नीरज एवं धर्मपत्नी मेवा देवी ने श्याम बाग परिसर में निर्माणाधीन पक्षी रैन बसेरा के साथ शहतूत एवं रबड़ का पौधा लगाया तथा मीटिंग हाल में मेवा देवी कि अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम का आह्वान किया तो इनके सुपुत्रों ने एक पेड़ पिता के नाम लगाने का आह्वान किया।

### शास्त्री की माता के निधन पर जताया शोक

**भिवानी।** भाजपा नेता सुनील शास्त्री व आचार्य सुरेश शास्त्री की माता धनकौर देवी के निधन पर अनेक लोगों ने गांव पाथरवाली स्थित उनके निवास स्थान पर शोक जताया। सोमवार को कांग्रेस नेता अनिरूद्ध चौधरी, शशीरंजन परमार, कमल सिंह प्रधान, पुनीत मस्ता, शीशराम चेयरमैन, बलवान, कृष्ण लेघां, जगदीश ठेकेदार, राजवीर शर्मा, प्रोफेसर राजकुमार शर्मा, प्रोफेसर सुरेंद्र शर्मा, देवकांत शर्मा, राजकुमार बीडीपीओ, भीम सौपर्णा, राजकरण नागर, छबीला भारद्वाज, अशोक, जयसिंह वाल्मीकि, जयभगवान, अधिवक्ता मुकेश गुलिया, बिट्टू शर्मा, संजय गांधी, अजय मल्होत्रा ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक जताया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## विधायक ने छात्रों संग की परीक्षा पर चर्चा

- चॉकलेट सांझा कर बढ़ाया आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी


**चरखी दादरी।** विधायक उमेद पातुवास को स्मृति चिन्ह भेंट करते जिला शिक्षा अधिकारी।

मॉडल संस्कृति स्कूल में शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित 'परीक्षा पर चर्चा 2025' लाइव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक उमेद सिंह पातुवास ने छात्रों के साथ परीक्षा संबंधी विषयों पर संवाद किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा को लेकर छात्रों के मनोवैज्ञानिक, मानसिक और शारीरिक तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिए गए, जिसे लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने देखा और सुना। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना और उन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करना था।विधायक उमेद सिंह पातुवास ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा सिर्फ ज्ञान का मूल्यांकन नहीं बल्कि आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता की परीक्षा भी होती है। हमें इसे लेकर डरने की जरूरत नहीं, बल्कि पूरी तैयारी और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए परीक्षा के दौरान तनाव कम करने और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने के टिप्स भी साझा किए। चरखी दादरी जिले में शिक्षा के क्षेत्र में विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### नशा दीमक की तरह शरीर को अंदर से करता खोखला: बीके वसुधा

# लोगों को नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


**भिवानी।** ग्रामीणों को नशा के प्रति जागरूक करती ब्रह्माकुमारी बहनें।

नशा दीमक की तरह है, जो धीरे-धीरे शरीर को अंदर से खोखला करता है, जिसकारण व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होकर अनेक भयानक बीमारियों से पीड़ित होने लगता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी शाखा कादमा-झोझूकलां के तत्वावधान में मेरा गांव नशा मुक्त गांव अभियान के अंतर्गत आज चौथे दिन पिचौपा खुर्द व शीशवाला के ग्रामीणों को परमात्मा शिव की झांकी व चित्रों के द्वारा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया।

नशामुक्त भारत अभियान की संयोजक झोझूकलां सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा कल का भविष्य है, लेकिन चिंता का विषय है कि आज हम अपनी जवानी को बीड़ी, सिगरेट, शराब, सुल्फा, गांजा व स्मैक आदि विभिन्न प्रकार के नशों की भेंट चढ़ा रहे हैं। नशा हमारे मन की एकाग्रता को नष्ट तो करता है, साथ में कैंसर जैसी भयानक बीमारियों की गिफ्ट भी देता है। अभियान के दौरान नाटक के द्वारा नशा मुक्ति का संदेश आकर्षण का केंद्र रहा। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने महाशिवरात्रि का महत्व बताया।

### आंतरिक रूप से मजबूत बनाता है मेडिटेशन

ब्रह्माकुमारी रितु बहन ने लोगों को नशा छोड़ने की शपथ दिलाते हुए कहा अगर हम भारत का नवनिर्माण करने चाहते हैं तो युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचना होगा इसके लिए सहज उपाय राजयोग मेडिटेशन है मेडिटेशन हमें आंतरिक रूप से मजबूत बनाता है इसलिए हमें परमात्मा का ध्यान करना चाहिए जिससे मन की एकाग्रता बढ़ती है घर परिवार के कार्य के साथ-साथ अपना अध्ययन भी सहज कर सकते हैं। इस अवसर पर शीशवाला से सोमबीर साहब व पिचौपा खुर्द से पूर्व मुख्य अध्यापक विनोद सांगवान ने सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदर्श महिला महाविद्यालय में हुई सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



**भिवानी।** आदर्श महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल के कुशल निर्देशन में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। प्रतियोगिता में 670 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया, जिससे उनकी आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को सशक्त बनाने का उद्देश्य पूरा हुआ।प्रतियोगिता में तर्कशक्ति, गणित, धर्म एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए, जिनका उद्देश्य छात्राओं की तार्किक व विश्लेषणात्मक क्षमता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं ने अत्यधिक उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के बाद छात्राओं ने अपने अनुभव सांझा करते हुए बताया कि ऐसे आयोजन उनके लिए अत्यंत लाभकारी हैं। प्रतियोगिता से न केवल उनका आत्मविश्वास बढ़ा, बल्कि उन्हें ये भी समझने का अवसर मिला कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करनी चाहिए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं की बौद्धिक क्षमता को विकसित करने और उनके ज्ञान को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।